# करतारपुरा नाले की चौड़ाई बढ़ाने का विरोध शुरू

## स्थानीय लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर।** जेडीए की ओर से करतारपुरा नाले की चौडाई बढ़ाने के लिए नालो के दोनों तरफ बने पक्के मकानों पर निशान लगाना शुरू कर दिया है और इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने जेडीए की इस कार्रवाई का विरोध भी शुरू कर दिया है। वहीं जेडीए की कार्रवाई की खबर सुनकर शनिवार देर रात एक व्यक्ति की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई।

इसके लेकर लोगों में जेडीए के प्रति आक्रोश बढ रहा है। इसकी जानकारी रविवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान स्वेज फार्म संयुक्त महासंघ के अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जेडीए के अधिकारी नाले के दोनों तरफ स्थानीय काश्तकारों के साथ मिलीभगत कर लोगों के पक्के मकान तोडने की योजना बना रहे है ताकि वहां मैरिज गार्डन को फायदा पहुंचाया जा सके। संजय शर्मा ने बताया कि शहर के घनी आबादी क्षेत्र के बीचों बीचे सैंकडो वर्ष पुराना करतारपुरा नाला है। इसकी लंबाई करीब 4.25 किमी है। तीस फीट की चौडाई में बहने वाले इस नाले के दोनों तरफ ही घनी आबादी बसी हुई है। इस नाले को पक्का करवाने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी जिसके जवाब में जेडीए ने वर्ष 2015 में हाईकोर्ट में पेश किए गए नक्शे में नाले की चौडाई 20 मीटर बताई गई। वहीं इस पर जब दुबारा सुनवाई हुई तो अब नाले की चौडाई 100 फीट बताने के साथ ही दोनों तरफ 30-30 फीट की रोड भी बता दी। इसके बाद जेडीए ने क्षेत्र में मकानों को तोडने के लिए लाल निशान भी लगाना शुरू कर दिए है। इसके चलते करीब एक हजार से अधिक मकान इससे प्रभावित हो रहे है। स्वेज फार्म संयुक्त महासंघ के सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज व इस मामले में जनहित याचिका दायर करने वाले राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि नाले को पक्का करने के लिए याचिका दायर की गई थी।

इसमें प्रशासन ने कोर्ट को गलत जानकारी दी कि करतारपुरा नाला राजस्व रिकार्ड में नहीं है। यह नाला द्रव्यवती नदी में जहां जाकर गिरता है वहां उसकी चौडाई 70 फीट है लेकिन जेडीए के अधिकारी मनमानी दिखाते हुए अब इसकी चौडाई 100 फीट करने पर तुले है। वहीं प्रभावित मकानों के लिए कोई मुआवजा भी तय नहीं किया गया है। स्वेज फार्म संयुक्त महासंघ के कोषाध्यक्ष बी.एल. लवानिया ने बताया कि इस मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को भरोसा दिलाया कि इस प्रकार तोडफोड की कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी। यहां पर अधिकांश मकान 30 से 40 वर्ष पुराने है। ऐसे में किसी को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा और जल्द ही इस मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा।

## राजस्थान में चिंताजनक है मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति : भूपेश दीक्षित

जयपुर। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ और आरोग्यसिद्धि फाउंडेशन, राजस्थान के अध्यक्ष भूपेश दीक्षित ने राज्य के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश में ख़राब मानसिक स्वास्थय से सम्बंधित बढ़ते मामले और आंकडें इस ओर बार-बार ध्यान आकर्षित कर रहे है कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के निर्माण के लिए राजस्थान के बजट 2025-26 में मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं के विस्तार के लिए विशेष प्रावधान करने की नितांत आवश्यकता है। चूँकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रावधित 27,660 करोड़ रुपये में से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृधिकरण के लिए राज्य निधि बजट आवंटित नहीं किया गया था ऐसे में लोकस्वास्थ्य और आर्थिक विकास दृष्टि से सरकार का यह कर्तव्य और जिम्मेदारी बन जाती है कि राज्य में मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण और आत्महत्या रोकथाम के लिए जिम्मेदार नोडल विभाग यानि कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बजट आवंटित करें।

## सार-समाचार

### आकाश ने सनसिटी सीकर रोड पर नया केंद्र खोला



**जयपुर।** मेडिकल और इंजीनियरिंग के लिए आयोजित होने वाली नीट एवं जेईई परीक्षाओं की तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने सनसिटी, सीकर रोड, जयपुर में अपने नए क्लास रूम सेंटर का शुभारंभ किया है। आगामी दिनों में इसका संचालन शुरू हो जाएगा। आकाश के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा, हमें सनसिटी में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। यह मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए हमारी प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान के उप निदेशक मुकेश उपाध्याय ने कहा कि अनुभवी शिक्षकों, समय - समय पर समुचित मार्गदर्शन एवं व्यापक अध्ययन सामग्री से लैस यह केंद्र छात्रों की अध्ययन तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित होगा। ब्रांच हैड किशन सिंह ने बताया कि कक्षा आठ से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए फाउंडेशन कोर्स तथा डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना संजोए छात्रों के लिए यहां उपयुक्त प्रोग्राम संचालित होंगे।

### कॉर्पोरेट्स कंपनीज के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**जयपुर।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने चौथे संस्करण के 'क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स' का आयोजन किया। इसमें 50 से अधिक विभिन्न कंपनियों से 700 से ज्यादा कॉरपोरेट प्रतिभागियों ने क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, ऑनलाइन गेमिंग, टग ऑफ वॉर, कैरम, शतरंज, पूल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल में अपना प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा के क्रिकेट में क्यूएमएस इंडिया लि. और वॉलीबॉल वीजीएल ग्रुप में विजेता रहे। वहीं टग ऑफ वॉर में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर की टीम विजयी रही। टेबल टेनिस (सिंगल व डबल-पुरुष एवं महिला) में अंगारा ई-कॉमर्स प्रा.लि., बैडमिंटन (पुरुष सिंगल व डबल) में वीजीएल ग्रुप, बैडमिंटन (महिला सिंगल) में वीजीएल ग्रुप, कैरम में आरस्ता, शतरंज में वेव्स, पूल में वीजीएल ग्रुप, पिकलबॉल में जयपुरिया, जयपुर, फीफा (ई-स्पोर्ट्स) में वीवोइस, टेक्केन (ई-स्पोर्ट्स) में वीवोइस और सेवन स्टोन्स में वीवोइस लैब्स प्रा.लि. ने बाजी मारी। कार्यक्रम में विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, पदक एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### फूलचंद गुर्जर फिर बने अध्यक्ष



**जयपुर।** यूनियन कार्यालय आनंदपुरी पर जयपुर शहर के समस्त ऑटो चालको ने आम सभा आयोजित हुई जिमसें सैकड़ो ऑटो चालकों ने भाग लिया जिसमे हिन्द ऑटो चालक मजदूर यूनियन इंटक के अध्यक्ष पद सहित कार्यकारिणी का चुनाव मनोनयन किया गया। जिसमें समस्त सदस्यों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर फूलचंद गुर्जर को पुनः चुना गया। वही महासचिव महेश कुमार,उपाध्यक्ष यामीन कुरेशी,रामचंद्र फागना, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राणा, संयुक्त सचिव कयूम कुरैशी, संघठन सचिव मोहम्मद रहीस, प्रचार सचिव इब्राहिम, कार्यलय सचिव संजय महेन्दिरता, कार्यकारणी सदस्य सलीम उद्दीन, गुलाब चंद खिंची, सीताराम मल्होत्रा को वरिष्ठ ऑटोचालक प्रेम सिंह मीना व केदार सैनी ने प्रस्ताव रखा सभी ने इन नामों पर सर्व सम्मति प्रदान की। इस मौके पर कर्मचारी नेता निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह शेखावत ने कार्यकारिणी की घोषणा की साथी ही सभी ऑटो चालकों ने निर्वाचित कार्यकारणी का जमकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

### पायल लुल्ला की एग्जिबिशन में दिखे रंगों के विविध आयाम



**जयपुर।** राजधानी जयपुर की मशहूर आर्टिस्ट पायल लुल्ला ने अहमदाबाद के कनोरिया सेंटर फॉर आर्ट्स स्थित उर्मिला आर्ट गैलरी में अपने आर्ट को शोकेस किया। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में पायल ने कलर्स इन मोशन थीम पर पेंटिंग्स एक्जीबिट की। पायल ने बताया कि इस सोलो एग्जिबिशन का नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के प्रोडक्ट डिजाइनर प्रो. प्रवीणसिंह कुमार सोलंकी, सेप्ट यूनिवर्सिटी के प्रो. कनिष्क सुथार और इंटीरियर डिजाइनर नीरव शाह ने उद्घाटन किया। पायल ने अपनी 52 पेंटिंग्स को एग्जिबिशन में शोकेस किया। एग्जिबिशन में टेक्सचर आर्ट और एक्रेलिक ऑयल पेंटिंग से बने आर्ट को प्रदर्शित किया गया। उल्लेखनीय है कि पायल पिछले एक दशक से भी अधिक समय से इस पेशे से जुड़ी है। उन्होंने दर्जनों एग्जिबिशंस में कई भावों को रंगों से जीवंत किया है।

### राहगीर का मोबाइल छीनकर भागा युवक

**जयपुर।** एसएमएस थाना इलाके में एक बदमाश राहगीर का मोबाइल छीनकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार बुलंदशहर यूपी निवासी विश्वेंद्र ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने रिश्तेदार से मिलने एसएमएस अस्पताल आया था। एसएमएस से जेएल मार्ग पर जाने के दौरान एक बदमाश आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। घटना 19 फरवरी सुबह करीब 10 बजे की है। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### आमेर महल में आयोजित किया हेल्थ कैंप

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर रॉयल, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग राजस्थान व फैडरेशन ऑफ राजस्थान टूर ऑपरेटर्स ने आनंद आई हॉस्पिटल, ई एच सी सी हॉस्पिटल और राजस्थान डेंटल कॉलेज के सहयोग से आमेर महल में पर्यटन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों व पर्यटकों हेतु एक फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया । इस कैंप में 150 से अधिक लोगों ने विभिन्न निः शुल्क जांचों का लाभ लिया । कैंप को सफल बनाने में एफ.आर.टी.ओ सदस्य राकेश रावत, बसंत कुशवाह, अमित सिंह, संगीता गुप्ता व देवेंद्र सिंह तथा रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष डॉ रोहन गुप्ता, सदस्य आदेश कानूनगो, आशीष आनन्द व राकेश अग्रवाल की मुख्य भूमिका रही।

## जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय आरोग्य मेला आयोजित होगा



**आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं आरोग्य मेले के नोडल डॉ. बत्ती लाल बैरवा ने विभिन्न समितियों की बैठक ली**

**जयपुर।** राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 1 मार्च से 4 मार्च तक होगा। मेले की तैयारियों को लेकर आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक एवं आरोग्य मेले के नोडल डॉ. बत्ती लाल बैरवा ने विभिन्न समितियों की बैठक ली जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे साथ ही अध्यक्षता जयपुर सांसद मंजू शर्मा करेंगी। विधायक कालीचरण सर्राफ, महापौर नगर निगम ग्रेटर सौम्या गुर्जर एवं प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा विशिष्ट अतिथि होंगे। मेले के मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मण सैनी ने बताया कि मेले में विश्व स्तरीय विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है जिनका व्याख्यान होगा जिसमें विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक मे सभी समितियों के प्रभारी अधिकारी व डॉ. कमल चंद, डॉ. दिनेश शर्मा परियोजना निदेशक आयुष मिशन, डॉ. सीताराम शर्मा रजिस्ट्रार इंडियन बोर्ड ऑफ मेडिसिन, डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी, सहायक निदेशक, जयपुर ब, डॉ. समय सिंह मीणा, सहायक औषधि नियंत्रक, डॉ. शम्भू लाल शर्मा, डॉ. जगदीश बैरवा, डॉ. चेतीवाल, डॉ. राहुल पारासर, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. कल्पना आदि ने भाग लिया।

# जिनेन्द्र शोभायात्रा व महामस्तकाभिषेक में गूंजे श्रीजी के जयकारे, उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर।** बापूनगर स्थित ज्ञानतीर्थ पंडित टोडरमल स्मारक भवन प्रांगण में 21फरवरी से चल रहे 13वें वार्षिकोत्सव व महामस्तकाभिषेक समारोह का समापन रविवार को बैंडबाजों के साथ निकलने वाली जिनेन्द्र शोभायात्रा व श्रीजी के महामस्तकाभिषेक के साथ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र श्रीजी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



**■ 13वें वार्षिकोत्सव व महामस्तकाभिषेक समारोह का समापन**

आयोजन में जयपुर के अलावा बाहर से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार गोदिका व महामंत्री परमात्म प्रकाश भारिल्ल ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को सुबह जिनेन्द्र पूजन के बाद भोपाल से आए विद्वान अंकुर शास्त्री के चारित्रपाहुड पर प्रवचन हुए। बैंडबाजों के साथ भव्य जिनेन्द्र शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर शोभायात्रा में सर्वप्रथम ध्वज लेकर अजितकुमार तोतूका परिवार के लोग चल रहे थे। बैंडबाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य संजयभाई कोठारी, मुंबई ने प्राप्त हुआ। शोभायात्रा में ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशीलकुमार गोदीका, महामंत्री परमात्मप्रकाश भारिल्ल, मंत्री डॉ. शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल, इसके अतिरिक्त बापू नगर संभाग के सभी पदाधिकारी, वीतराग महिला मंडल की सभी सदस्या एवं श्री टोडरमल दिगंबर जैन आचार्य महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। बैंडबाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रीजी के रथ के आगे श्रद्धालु अमृत से धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...आया मंगल दिन मंगल अवसर...रोम-रोम से निकले प्रभुवर नाम तुम्हारा...जैसे भजनो की स्वर लहरियों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। यह शोभायात्रा ज्ञानतीर्थ टोडरमल स्मारक भवन से शुरू होगी,जो सावित्री पथ,गणेष मार्ग के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, मोतीमार्ग होती हुई पंचतीर्थ जिनालय पहुंची, जहां ध्वजस्थापन विधि संपन्न हुई, भगवान महावीर की शिखर पर ध्वजकी स्थापना प्रदीप चैधरी परिवार किशनगढ़ ने,भगवान आदिनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना महेंद्रकुमार, राहुल विनीत, गंगवाल परिवार, जयपुर,भगवान शांतिनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना अनिल, सुशील, राकेश गंगवाल परिवार जयपुर ने,भगवान बाहुबली की शिखर पर ध्वज की स्थापना डॉ. सुशीलकुमार गोदिका, परमात्मप्रकाश भारिल्ल, डॉ. शुद्धात्मप्रकाश भारिल्ल, व भगवान पार्श्वनाथ की शिखर पर ध्वज की स्थापना नमिता छाबड़ा परिवार ने की। इसके अलावा भगवान वासुपूज्य की शिखर पर कलश विराजमान संजयभाई, कोठारी एवं ध्वज स्थापना अखिल जैन, इंदौर परिवार,भगवान नेमिनाथ की शिखर पर कलश विराजमान भाविनभाई, जयपुर व ध्वज स्थापना अश्विन जैन परिवार,श्री मंदिर जिनालय की शिखर पर ध्वज विराजमान करने का सौभाग्य अचरजदेवी ओसवाल परिवार, जयपुर ने एवं विराजमान करने का सौभाग्य रतन टाटेड परिवार, किशनगढ़ ने प्राप्त किया। ध्वज स्थापनविधि के पश्चात ध्वज विराजमानकर्ता परिवारों ने श्रीजी प्रथम महामस्तकाभिषेक किया गया इस दौरान आसपास श्रीजी के जयकारों व भजनों की स्वर लहरियों से गुंजायमान हो उठा।

## हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर ने पुलिस कांस्टेबल को पीटा

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में हरियाणा रोडवेज बस के ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल को पीट दिया। पुलिस कांस्टेबल ने बस को स्टैंड पर नहीं खड़ी करने पर ड्राइवर को टोका था। गुस्साए ड्राइवर ने कांस्टेबल को लात-घूसों से मारना शुरू कर दिया। वर्दी फाड़ डाली। कांस्टेबल की पिटाई कर ड्राइवर-कंडेक्टर सवारियों से भरी बस छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस को कस्टडी में खड़ा करवाया है।

एएसआई सुखबीर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस में तैनात कांस्टेबल पवन कुमार (31) ने मामला दर्ज करवाया था कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे से रात 11 बजे तक पवन की ड्यूटी अजमेर रोड स्थित 200 फीट चौराहा पर लगी हुई थी। दोपहर करीब 3.50 बजे हरियाणा रोडवेज की बस जयपुर से अजमेर की तरफ जा रही थी। 200 फीट चौराहा के पास बिना बस स्टैंड बस को रोड पर रोककर ड्राइवर सवारियां बैठाने लगा।

ट्रैफिक जाम होते देखकर कांस्टेबल पवन कुमार ने उसे बस चलाने के लिए कहा। बिना स्टैंड के सवारी बैठाने के कारण ट्रैफिक जाम होने की बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। गुस्से में आए ड्राइवर ने बस से उतरकर कांस्टेबल पवन को लात-घूसों से जमकर मारपीट की। मारपीट कर कांस्टेबल की वर्दी फाड़ डाली। मुंह पर मुक्का मारने के चलते कांस्टेबल का होंठ फट गया। मुंह से खून निकलने और लोगों को जमा होते देखकर सवारियों से भरी बस छोड़कर ड्राइवर व कंडेक्टर भाग निकले। पुलिसकर्मी से मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल कांस्टेबल पवन का प्राथमिक उपचार करवाया। पीड़ित पुलिस कांस्टेबल पवन की शिकायत पर ड्राइवर विकास कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर बस को कस्टडी में लेकर खड़ा करवाया।

## पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी आज निकलेगी

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नवसृजित योजना पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी 24 फरवरी को नागरिक सेवा केंद्र में दोपहर 1 बजे निकाली जायेगी। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जेडीए द्वारा जोन-10 में खोरी रोपाडा में पटेल नगर आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में ऑनलाईन आवेदन 14 जनवरी से 13 फरवरी तक आमंत्रित किए गए थे। योजना में कुल 270 भूखण्ड है। पटेल नगर आवासीय योजना में प्राप्त 52305 आवेदन पत्रों में से विभिन्न कारणों - स्वंय के प्रार्थना पत्र, तकनीकी कारणों आदि के कारण 189 आवेदन पत्र निरस्त किए जाने के उपरान्त 52116 आवेदन पत्र लॉटरी में सम्मिलित किए गए है।

## गोविन्ददेवजी मंदिर में रचना झांकी के साथ होली उत्सव का श्रीगणेश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किए ठाकुरजी के दर्शन

जयपुर। आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में 23 फरवरी को होली उत्सव का शुभारंभ हुआ। महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में रविवार को ठाकुरजी के दरबार में रचना झांकी के साथ इसका श्रीगणेश हुआ। दोपहर साढ़े बारह से पौने एक बजे तक विशेष रचना झांकी के दर्शन हुए ।प्रथम दिन प्रथम पूज्य गणेश जी, रिद्धी-सिद्धी तथा अन्य मांगलिक चिह्न बनाए गए। रचना झांकी में 25 तरह की प्राकृतिक गुलाल का उपयोग किया गया। नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, नव निर्वाचित शहर अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया ने ठाकुर जी के दर्शन किए। मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर जी की छवि भेंट की। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भी मौजूद रहे। अब होली तकनित्य प्रति रंग-बिरंगी गुलाल से ठाकुर जी की विभिन्न लीलाओं के दर्शन कराए जाएंगे। ठाकुर जी की लीलाओं के साथ पर्व पर विशेष रचना झांकी भी सजाई जाएगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि दूसरे चरण में छह दिन तक लगातार रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इन छह दिनों में डेढ़ सौ से अधिक कलाकार फाल्गुनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें स्थानीय कलाकारों के साथ शेखावाटी, हाड़ौती, कोलकाता के कलाकार भी होंगे। 7 से 9 मार्च तक होलिकोत्सव का आयोजन होगा। इसमें जयपुर के स्थानीय कलाकार और मंडल फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में तीन दिवसीय होलिकोत्सव में तीनों दिन सौ से अधिक कलाकार ठाकुर श्रीजी के समक्ष भजनों और नृत्य से हाजिरी लगाएंगे। कार्यक्रम रोजाना दोपहर 12:30 से शाम 4:30 बजे तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपराह्न 3 से 4:30 बजे तक रचना झांकी के दर्शन होंगे।

मंदिर के सत्संग भवन में 10-11 मार्च को मार्च को पुष्प फागोत्सव मनाया जाएगा। भजन सम्राट बाल व्यास श्रीकांत शर्मा के भजनों पर राधा-कृष्ण, गोपी-ग्वाल के स्वरूप दोपहर एक से शाम साढ़े चार बजे तक पुष्प फाग

## रेव पार्टी पर पुलिस ने मारी रेड

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने दिल्ली-जयपुर हाईवे स्थित गांव लबाना के स्टोरीज ऑर्गेनिक फार्म पर चल रही रेव पार्टी पर छापेमारी करते हुए 150 से अधिक युवक-युवतियों को नशे की हालत में पकड़ा।

इस दौरान अवैध शराब और स्मैक बरामद की गई। 63 युवक-युवतियों का कोटपा एक्ट में चालान काटा गया, जबकि बाकी को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया।मौके से 17 शराब की बोतल, 506 बीयर की बोतल और 13.29 ग्राम स्मैक जब्त की गई। रेव पार्टी के आयोजक हर्षवर्धन कुमार सैनी (30) और रिसॉर्ट संचालक संजय लुहाड़िया (49) को गिरफ्तार किया गया।

जयपुर ग्रामीण एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण में नशा बेचने और पिलाने वालों के खिलाफ ऑपरेशन 'नॉक आउट' चलाया जा रहा है। इसी दौरान डीएसटी टीम को सूचना मिली कि गांव लबाना में एक रेव पार्टी आयोजित की जा रही है।

## बजट घोषणाओं की क्रियान्विति का बन रहा है रोडमेप, समयवद्ध क्रियान्विति पर जोर : टी. रविकान्त

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर में एक्सीलेंस सेंटर, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस और जोधपुर में एमबीएम यूनिवर्सिटी में पेट्रो केम्पस की स्थापना के साथ ही राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन लि. के गठन की घोषणा से प्रदेश के माइंस सेक्टर को नई दिषा, एक्सप्लोरेशन को गति और नई पीढ़ी को खनन क्षेत्र के नवीनतम शोध-अध्ययन के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि माइंस विभाग ने बजट घोषणाओं की समयवद्ध क्रियान्विति के लिए रोड़मेप तैयार करने और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना शुरु कर दिया है।

टी. रविकान्त को उदयपुर में निदेशक माइंस दीपक तंवर व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में माइंस सेक्टर में तेजी से सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। राज्य में नई खनिज नीति, एम सेण्ड नीति के साथ ही नियमों व प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। माइनिंग ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी में आज राजस्थान देश में शीर्ष पर आ गया है और पिछले दिनों उडीसा के कोणार्क में आयोजित देश के खान मंत्रियों के सम्मेलन में राजस्थान की उत्कृष्ट उपलब्धि पर सम्मानित किया गया है।

**■ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आ रहा है सकारात्मक बदलाव**

रविकान्त ने अधिकारियों से रेवेन्यू लक्ष्यों की शतप्रतिशत अर्जित करने के निर्देश देते हुए रेवेन्यू छीजत पर प्रभावी रोक और राजस्व अर्जन का नया रेकार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर कारगर रोक संभव है। इसके लिए एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन, ब्लॉक तैयार करने और योजनावद्ध ई नीलामी की रणनीति बनानी होगी।

निदेशक माइंस दीपक तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा 23 प्रतिशत विकास दर के साथ रेकार्ड राजस्व अर्जन कर लिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत उपलब्धि के साथ ही राजस्व अर्जन का नया इतिहास बनाया जाएगा। अतिरिक्त निदेशक माइंस महेश माथुर ने बताया कि माइनर और मेजर ब्लॉकों व प्लॉटों की नीलामी जारी है वहीं अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी है।

मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनके सिंह ने एक्सप्लोरेशन और खनिज ब्लॉकों की तैयारी की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने विधानसभा प्रश्नों का समय पर उत्तर भिजवाने, नीलाम खानों को परिचालन में लाने, ऑक्शन की तैयारी, क्लोजिंग एरर, आईटी सिस्टम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त निदेशक पीआर आमेटा, मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनपी सिंह, एडीजी गोपालाराम, एसएमई धर्मेन्द्र लोहार, कमलेश्वर बारेगामा, एसपी शर्मा, टीए सतीष आर्य, एमई उदयपुर आसिफ अंसारी सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## चोर सूने मकानों से सोने-चांदी के जेवर-नकदी ले गए

**जयपुर।** पुलिस की गश्त व्यवस्था को झांसा देकर चोर दो सूने मकानों को निशाना बनाकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले गए। ओमवाटिका निवासी कृष्ण कुमार शर्मा ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और एक सोने का हार, तीन चांदी के सिक्के, दो सोने की नथ, एक चांदी की चेन और 10 हजार रुपए ले गए। घटना का पता पीडित को घर लोटने पर लगा।

इस पर पीडित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं वैशाली नगर निवासी रेनु रेपस्वाल ने बिंदायका थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 20 फरवरी को परिवार के साथ बाहर गई थी। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर लेपटॉप, चांदी की पायल, दो जोड़ी कान कीबाली और नगदी सहित अन्य सामान ले गए।